


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 198 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 04 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया

## कलेक्टरों से मांगी जानकारी, मठ-मंदिरो में कितने गैर हिंदू संभाल रहे प्रबंधन?

**भोपाल, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के 22 हजार सरकारी नियंत्रण वाले मठ, मंदिर, देवस्थान और धर्मशालाओं में पूजा-पाठ, प्रबंधन, सुरक्षा और केयरटेकर का जिम्मा संभाल रहे गैर हिंदुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। इसमें पुजारी, स्थानीय ट्रस्ट, प्रबंधन समिति, सरकारी कर्मचारियों सहित वे सभी लोग शामिल हैं, जो मुस्लिम, ईसाई या किसी अन्य धर्म से संबंधित हैं।

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर भौतिक सत्यापन के साथ जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में सरकार के अधीन 22 हजार मंदिर हैं, जिनमें से 107 मंदिरों को तीर्थ स्थल का दर्जा प्राप्त है। कई मंदिरों का संचालन धार्मिक न्यास, ट्रस्ट या कलेक्टर की अध्यक्षता वाली मंदिर प्रबंधन समितियों द्वारा किया जाता है।

## यह भी देखना प्रासंगिक होगा कि मोहन सरकार को विरासत में मिला क्या था..!

मध्य प्रदेश सरकार के अभी तक के सबसे युवा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव है। इनके पहले शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री थे और साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए कर्ज में डूबी प्रदेश सरकार डॉ मोहन यादव को विरासत मे देकर गए थे। डॉ मोहन यादव पीएचडी धारक साक्षर राजनेता है, अत: स्वाभाविक है कि उनके आसपास के मित्रों, करीबियों में सभी साक्षर और अति साक्षर होंगे। शायद यही कारण है कि जब मध्य प्रदेश की कर्ज में डूबी सरकार के मुखिया मोहन यादव बने थे तब आम और साक्षर वर्ग में ही चर्चा थी कि आर्थिक कर्ज में डूबे मध्य प्रदेश को मोहन यादव चला नहीं पाएंगे! पहला महीना भी नहीं बीता था कि वेतन बांटने के लाले पड़ गए थे। आज सवा साल पूरे हो चुके हैं और मोहन सरकार बखूबी चल रही है। यह अलग बात है कि सरकार चलाने के लिए प्रतिमाह कर्ज लेना पड़ रहा है, जो सभी राज्य सरकारे करती आ रही है।


आशुतोष नवाल

वर्तमान में तमिलनाडु राज्य भारत में सबसे ज्यादा कर्ज 8.3 लाख करोड़ रुपए ले चुका है। उत्तर प्रदेश 7.7 लाख करोड़, महाराष्ट्र 7.02 लाख करोड़, पश्चिम बंगाल 6.6 लाख करोड़, कर्नाटक 06 लाख करोड़ रुपए कर्ज के क्रम से कर्जाधारक राज्य है। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार को प्रदेश को चलाने के लिए अभी और कर्ज लेने की जरूरत होगी। सरकार के नियमित खर्चे में बीते वर्षों के आंकड़े दर्शाते हैं कि 54 हजार 101 करोड़ रूपया वेतन में, 19 हजार 360 करोड़ रूपए पेंशन में, 22 हजार 166 करोड़ रूपए ब्याज में, इस तरह लगभग 95 हजार 627 करोड़ रूपया हर हाल में सरकार को चाहिए ही जो लगातार बाजार दर के अनुपात से बढ़ता भी जा रहा है। वर्तमान प्रदेश के कुल बजट का आठवां हिस्सा देनदार की किश्त और ब्याज के रूप में जाता है।

सवा साल की मोहन सरकार में तबादलों का औसत हमेशा के मुकाबले कम ही रहा है। घाटे की सरकार मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लगातार मध्य प्रदेश की आय को बढ़ाने का प्रयास करते नजर आए हैं। औद्योगिक व्यापारी समीट के साथ फिर से प्रदेश को टैक्सटाइल हब बनाने के प्रयास, बेजा खर्च में कटौती को भी अभियान की तरह चलाया जा रहा है। यह भी स्वाभाविक है कि वर्षों से लगातार बेजा सरकारी खजाने पर खर्च को बढ़ाने वाली योजनाओं पर अंकुश लगाना आसान नहीं है। यह जानते हुए भी सरकार ने अपने प्रयास जारी रखे हैं। इस प्रयास में विपक्ष की आलोचना तो स्वाभाविक है पर अपने ही वे लोग भी प्रभावित होकर नाराज होंगे, जिनके व्यक्तिगत स्वार्थ आहत होंगे।

यह भी शाश्वत है कि आर्थिक सुधार के असर को सतह पर नजर आने में समय लगता है तब और भी ज्यादा जब आमदनी और खर्च के बीच का अंतराल खास अंतर रखता हो। प्रदेश के नागरिक मतदाता जागरूक है, साक्षर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्य प्रणाली से खुश हैं कि जब उनके आर्थिक सुधारो के नतीजे सतह पर आने लगेंगे तब विरोधी तो क्या उनके अपने विरोधियों के कथन भी बदलते नजर आएंगे।

## ई-केवाईसी ने दिया राशन माफियाओं को तनाव...

# सिर्फ इंट्री करवाने वालों को ढूंढ रहे संचालक




**मंदसौर, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** राशन दुकानों पर धांधली की खबरें आम है। कई दुकान संचालक लंबे समय से गरीबों के राशन को बाजार तक पहुंचाकर तगड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। लेकिन, ई-केवाईसी के आदेश ने राशन माफियाओं को तगड़ा झटका दे दिया है। इसका कारण है कि राशन कार्ड फर्जी तरीके से नियम विरुद्ध बने हुए थे। इसके अलावा कई नाम ऐसे चढ़े हुए थे जो मंदसौर में ही नहीं है। ऐसे भी लोग है, जिनकी सिर्फ राशन दुकान पर अनाज की इंट्री हो रही थी। अब 15 मई के बाद बिना ई-केवाईसी के राशन नहीं मिल पाएगा। इससे राशन माफियाओं की कालाबाजारी पर काफी हद तक नियंत्रण लग सकता है। इधर राशन माफिया अपने ग्राहकों को ई-केवाईसी करवाने के लिए ढूंढ रहे हैं। बता दे कि जिले में अभी भी डेढ़ लाख लोगों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई। जबकि 30 अप्रैल इसकी अंतिम तारीख थी। जिसे एक बार बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया है।

### आंकड़े बयां कर रहे हैं धांधली का खेल...

शासन ने ई-केवाईसी करवाने के लिए एक लंबा समय दिया। कई तरह से प्रचार प्रसार किए गए। इसके अलावा जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। लोगों को हर तरह से ई-केवाईसी करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके बाद भी डेढ लाख लोगों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई। जबकि, राशन दुकानों की बात करें तो लगभग शत प्रतिशत राशन उपभोक्ता कागजों में राशन दुकान से लेकर जा रहा है। अब जब ई-केवाईसी की बारी आई तो राशन ले जाने वाले लगभग डेढ लाख लोग ई-केवाईसी करवाने ही नहीं पहुंच पा रहे। मतलब कम से कम एक लाख लोगों को फर्जी तरीके से राशन वितरित हो रहा था।

### यह है केवायसी की स्थिति...

स्मार्ट पीडीएस सिस्टम लागू करने के लिए सभी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी होना जरुरी है। पहले 30 अप्रैल तक इस काम को पूरा करना था। लेकिन, अब इसकी तारीख 15 मई तक कर दी गई है। पिछले माह तक की बात करें तो 01 लाख 55 हजार के करीब ई-केवाईसी होना बाकी है। विभागीय अधिकारियों ने राशन लेने वाले 03 हजार से ज्यादा लोगों के नाम भी हटाए है। ये वो लोग है जो या तो जिले से पलायन कर गए है या इनकी मौत हो चुकी है। हालांकि इसके बाद भी अभी भी बढ़ी संख्या में ई-केवाईसी पेडिंग है।

### अभी भी जिले में डेढ़ लाख बाकी

### यह भी एक कारण...

अधिकारियों का कहना है कि अभी और भी नाम हटाए जाएंगे। मृतकों के नाम जनपद और नगरीय निकाय के स्तर पर काटे जाने थे। कई बार निर्देशित करने के बाद भी यह काम नहीं हो सका। यही कारण है कि जो पेंडिंग नामों की सूची दिखाई दे रही है, उनमें इस तरह के नाम भी काफी संख्या में शामिल हैं। इसलिए स्थानीय निकायों को इस काम को प्राथमिकता से करना होगा। ई-केवाईसी नहीं होने को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों को हो रही है। 80 वर्ष से अधिक की आयु के उपभोक्ताओं के साथ परेशानी यह हो रही है कि उनके न तो चेहरे से और नही उनके फिंगर प्रिंट का मिलान हो रहा है। इनके आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर हैं वे भी काफी पहले के हैं, जिन्हें अब यह उपयोग ही नहीं कर रहे हैं। इनसे आधार कार्ड अपडेट के लिए कहा जा रहा है। लेकिन, वहां जब जाते हैं तो फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे हैं। इस तरह से उनके आधार भी अपडेट नहीं हो पा रहे हैं।

## क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एमसीएच भवन होंगे हैंडओवर...

# इस महीने मिलेगी दो अत्याधुनिक यूनिट की सौगात

### गंभीर मरीजों को मंदसौर में ही मिलेगी उपचार की सुविधा

**मंदसौर, 03 मई गुरु एक्सप्रेस। इस महीने बड़े अस्पताल को दो नई अत्याधुनिक यूनिट की सौगात मिलने जा रही है। इसमें एक 22 करोड़ 50 लाख रुपए से बनी एमसीएच (मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केयर यूनिट) है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होकर महिलाओं व शिशुओं के उपचार में मदद करेगी। वहीं दूसरी 13 करोड़ 30 लाख रुपए से बनी सीसीबी (क्रिटिकल केयर ब्लॉक) यूनिट गंभीर मरीजों के इलाज में मदद करेगी। अधिकारियों के अनुसार मई माह में ये दोनों भवन हैंडओवर होना है। बड़े अस्पताल को दोनों यूनिट मिलने से सुविधाओं में दोगुना विस्तार हो जाएगा।**

बड़े अस्पताल में रोजाना औसतन 1200 से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। हर माह यहां लगभग 500 से ज्यादा प्रसूताओं की डिलीवरी होती है। जिले के अंतिम छोर गरोठ-भानपुरा के अलावा नीमच व राजस्थान क्षेत्र से भी यहां क्रिटिकल मामले पहुंचते हैं। वहीं सड़क हादसो सहित अन्य कारण से हुए हादसों के गंभीर मामले भी रोज 5 से 10 आते हैं। सुविधाओं के अभाव में कई बार मरीज को रेफर करने की स्थिति भी बन जाती है। सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा ने बताया कि एमसीएच बिल्डिंग व सीसीबी यूनिट बड़े अस्पताल को मिलने से सुविधाओं में दोगुना विस्तार होगा। इससे सिर्फ मंदसौर जिले ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। एमसीएच बिल्डिंग में अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी स्थापित किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि ओटी में लगा हेपा फिल्टर बैक्टीरिया व वायरस को खत्म कर देगा। इसमें सारे उपकरण डिजिटल और हाईटिक होने से पॉजिटिव प्रेशर मेंटेन रखेगा। वहीं, एमसीएच बिल्डिंग के लिए डॉक्टरों की नियुक्ति व उपकरण का प्रस्ताव भेजेंगे।




**एमसीएच बिल्डिंग–** वर्तमान में एमसीएच बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। फिलहाल यहां महिला ओपीडी संचालित होना शुरू हो गई है। निर्माण कंपनी का कहना है कि इस माह में सभी काम पूरे हो जाएंगे। बता दें कि पूर्व में इसे मार्च में हैंडओवर करने का दावा किया गया था।

**सीसीबी यूनिट–** इस जी प्लस थ्री यूनिट में आईसीयू, आइसोलेशन वार्ड, लेबर रूम सहित मेल-फीमेल वार्ड, नर्सिंग स्टेशन सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही भवन में विशेष रैंप भी तैयार किया गया है ताकि मरीज के पहुंचते ही स्ट्रेचर के माध्यम से उसे वार्ड में शिफ्ट कर सकें।

## सरकारी स्कूलों में अब 75 से अधिक बच्चों पर तीन शिक्षक

**भोपाल, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग ने पूर्व में जारी शालाओं की पद संरचना में बदलाव कर नवीन पद संरचना के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के बाद प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की पद स्थापना में बच्चों की छात्र संख्या 15 बढ़ा दी है। यानी अब पहले की तुलना में ज्यादा स्टूडेंट होने पर ही शिक्षक बढ़ सकेंगे। छात्रों की संख्या 75 से कम होने पर सिर्फ दो शिक्षक ही रहेंगे। इस आदेश के बाद से ही प्रदेशभर में शिक्षकों का विरोध शुरू हो गया है।

### 415 से ज्यादा विद्यार्थी होने पर मिलेगा एक खेल शिक्षक...

विभाग ने खेल शिक्षक को लेकर भी आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार कक्षा एक से 10वीं तक के ऐसे स्कूल जहां 415 से ज्यादा बचे हैं तो स्कूलों में खेल शिक्षक का एक पद स्वीकृत किया है। यानी अब ऐसे स्कूल में खेल शिक्षक भी रह सकेंगे। वहीं 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में खेल शिक्षक का एक पद स्वीकृत किया गया है।

### यह रहेगी स्कूलों की नई पद संरचना...

✻ पहले 60 बच्चों तक दो शिक्षक जरूरी थे। इस नियम में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया है।

✻ 61 या इससे ज्यादा होने पर पहले तीन शिक्षक का नियम था। अब 75 से अधिक होने पर तीन शिक्षकों की नियुक्ति हो सकेगी। 91 या इससे अधिक स्टूडेंट होने पर स्कूलों में पहले चार शिक्षक रखने का नियम था। अब 105 या अधिक होने पर चार शिक्षक रहेंगे।

✻ 121 या अधिक होने पर पहले पांच शिक्षक का नियम था। लेकिन अब 135 या इससे अधिक होने पर स्कूल में पांच शिक्षक रहेंगे। 150 से अधिक होने पर 5 शिक्षक और एक प्रधानाध्यापक रहेंगे।

✻ 200 से अधिक होने पर छात्र शिक्षक अनुपात (प्रधानाध्यापक को छोड़कर) चालीस (1 अनुपात 40) से अधिक नहीं होगा।

## हार्न बजाया तो मारा चाकू, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक साइड में लेने के लिए हार्न बजाया तो चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया। सुनील पिता मांगीलाल राठौर ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं बेटे अभय के साथ वेन से घर आ रहा था। रास्ते में खड़े ट्रक को हटाने के लिए हार्न बजाया तो वहां मौजूद जितेन्द्रसिंह आया और बोला कि हार्न क्यों बजाया ? गलौज के बाद मारपीट की व चाकू से मेरे बेटे अभय के कान पर वार किया, जिससे मेरा बेटा घायल हो गया। जिसे मल्हारगढ़ के बाद मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।

## नाचने पर पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** नाचने पर महिला के पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। कचनारा निवासी रोडीबाई पति प्रभुलाल बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बेटी की शादी में मेहमान नाच रहे थे। तभी घनश्याम पिता प्रभुलाल बागरी आया और बोला यहां नाच, गाना मत करो। मैंने कारण पूछता तो गाली-गलौज की व मारपीट कर पत्थर फेंके जिससे चोंट आई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

## सीतामऊ-गरोठ में सीएम बोले....

# कितनी भी परेशानी आए, जमीन मत बेचना

### लोकार्पण और भूमिपूजन के साथ किसान सम्मेलन को किया सम्बोधित





**सीतामऊ/गरोठ, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** घर में कितनी भी परेशानी आए, अपनी जमीन नहीं बेचना। चाहे घर गिरवी रख देना, लोन ले लेना, लेकिन जमीन को बचा कर रखना। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कही। वे सीतामऊ और गरोठ क्षेत्र में आयोजित किसान सम्मेलन के साथ करोड़ों के विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण कर रहे थे।

सीतामऊ में शुक्रवार को किसान सम्मेलन और एग्री-हॉर्टी एक्सपो का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। मंच पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना और बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एक्सपो में उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार और फूड प्रोसेसिंग की जानकारी दी जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री की सभा में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। सीएम ने किसान सम्मेलन एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो में 07 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार और फूड प्रोसेसिंग उद्योग की जानकारी दी जा रही हैं। कार्यक्रम में लगभग 250 निवेशक भाग ले रहे हैं। मसाला और औषधि फसलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिले के चंदवासा में 33.14 करोड़ और लदुना में 33.59 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय तथा 19.31 करोड़ की लागत से निर्मित सुवासरा- गुराड़िया कला मार्ग का लोकार्पण किया।

### तख्तियां लेकर एक्सपो में जाना चाह रहे थे....

मुख्यमंत्री की सभा में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सीतामऊ स्थित गुरुकृपा होटल के पास से हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। कांग्रेसी हाथों में तख्तियां लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना चाहते थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वे नारेबाजी करने लगे। बात न मानने पर हिरासत में लिया गया। तख्तियों में गेहूं के दाम 2700 रुपए और लाडली बहना योजना को 3000 दो लिखा था।

### अलसी के डंठल से रेशा उत्पादन...

सम्मानित होने वाले किसानों में दलौदा के डॉ राकेश पाटीदार शामिल हैं, जो अलसी के डंठल से रेशा उत्पादन कर रहे हैं। सिंदपन के शुभम शर्मा वर्मी कंपोस्ट, मधुमक्खी पालन और मशरूम की खेती करते हैं। मंदसौर के अनुशील गुप्ता 500 किसानों के साथ गाजर की कांट्रैक्ट फार्मिंग कर रहे हैं।



### सरकारी नौकरी छोड़, जैविक खेती अपनाई...

धलपट के जितेंद्र पाटीदार सौर ऊर्जा से ड्रिप सिंचाई द्वारा फलों की जैविक खेती कर रहे हैं। जग्गाखेड़ी के लक्ष्मीनारायण माली शेडनेट हाउस में विभिन्न फूलों की खेती करते हैं। पिपल्या जोधा के नरेंद्र सिंह बोराना ने सरकारी नौकरी छोडक़र पशुपालन और जैविक खेती अपनाई है।



## दूधाखेड़ी में कहा, देवी लोक विकसित किया जायेगा...

सीतामऊ के बाद के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव गरोठ क्षेत्र में पहुंचे। यहां दूधाखेड़ी माता मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके साथ ही चार सौ करोड़ से अधिक की लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। डॉ यादव ने जनसभा में कहा कि क्षेत्र की आस्था के केंद्र दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के रूप में भव्य रूप से विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक कार्य होगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास हो रहा है। यह क्षेत्र अब देश मैं चहूं और जूड़ रहा है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे तथा अन्य मार्गों के निर्माण से गरोठ भानपुरा क्षेत्र देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ रहा है। उज्जैन गरोठ मार्ग निर्माण से हमारी सरकार ने उज्जैन से इस क्षेत्र के हजारों साल पुराने संबंध को और पक्का करने का कार्य किया है। इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहे हैं। क्षेत्र में अब चीते दौड़ते हुए दिखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। यहां पर भानपुरा शंकराचार्य जी की पीठ स्थापित है। मुख्यमंत्री द्वारा शंकराचार्य श्री सत्यमित्रानंद जी महाराज के कार्यों की जिक्र करते हुए धर्म तथा राष्ट्र के लिए विभिन्न शंकराचार्य गणों के कार्यों र्तथा भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रदेश में जिन-जिन स्थानों पर भगवान कृष्ण की लीलाएं हुई है। उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता भवन बनाये जा रहे हैं। गरोठ भानपुरा में भी गीता भवन बनाया जाएंगा। कामधेनु योजना से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा रही है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे निरंतर इस क्षेत्र में आते रहेंगे तथा विकास की सौगात मिलती रहेगी।

# नमकीन की दुकान का ताला काटकर नकदी ले उड़ा चोर

## सीसीटीवी में कैद, पहले हुई चोरियों का भी नही हुआ खुलासा

**पिपलियामंडी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** नमकीन की दुकान का ताला काटकर चोर गल्ले में रखे 10 हजार नकदी चोरी कर ले गया। सूचना पर पुलिस पहुंची व पंचनामा बनाया। दुकान के पास लगे सीसीटीवी में एक चोर कैद हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर के व्यस्तम मनासा मार्ग, सिंधिया काम्लेक्स के निकट स्थित मून्दड़ा नमकीन पर रात्रि में चोरी की वारदात हुई। दुकान संचालक गोपाल मून्दड़ा सुबह दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला कटा हुआ था व शटर खुला था। मून्दड़ा ने इसकी सूचना पर डॉयल 100 पर दी। पुलिस मौके पहुंची व पंचनामा बनाया। पुलिस चौकी में दर्ज शिकायत में मून्दड़ा ने बताया रात्रि 2.30 बजे करीब सीसीटीवी में टोपी पहने एक चोर कैद हुआ है, जिसने ताला काटकर गल्ले में रखी नकदी चोरी की व दुकान में रखा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया।

**एक सप्ताह में दूसरी चोरी:-**नगर में सप्ताह में यह दूसरी चोरी की घटना है। 26 अप्रेल को भी गायत्री शक्तिपीठ पर निवासरत विजय पिता कैलाश शर्मा के मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपए के जेवर चोरी कर ले गए थे। विजय शादी में गए थे, इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया था।


**दो माह पूर्व भी हुई थी बड़ी चोरी:-** मून्दड़ा नमकीन के निकट ही किराना व्यापारी अर्पित पिता हेमन्त पीतलिया परिवार के सहित शादी में गए थे। इस दौरान 6 फरवरी 2025 की रात्रि में चोर ताला तोड़कर घुसे थे और 6 लाख रुपए नकदी व 1 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। मामले का अभी तक खुलासा नही हो पाया।

**एक वर्ष में हुई दो बड़ी चोरियों का भी खुलासा नही:-**नगर में पुलिस चौकी के निकट स्टेशन बालाजी मंदिर के पीछे 5 मई 2024 को उमेश मोदी के घर में घुसकर चोर करीब 10 लाख के जेवर चोरी कर ले गए थे, सीसीटीवी में भी चोर कैद हुए मामले को लेकर फरियादी ने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की। वहीं 7 जनवरी 2025 को चोकी क्षेत्र के गांव लसुड़िया राठौर में चोर शैलेन्द्रसिंह पिता दिलीपसिंह राजपूत के मकान का ताला तोड 10 लाख के जेवर व 30 हजार नकदी चोरी कर ले गए थे। दोनों बड़ी चोरियों के मामले में पुलिस अभी तक आरोपियों को नही पकड़ पाई।

**खुलासा करेंगे:-** पिपलियामंडी चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कुछ दिनों पूर्व ही ज्वाइन हुआ हूं, हाल में हुई चोरियों के साथ ही पुरानी चोरियों का भी शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।

## रिमाण्ड अवधि के बाद आरोपी को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** डोडाचूरा तस्करी में धराए आरोपी को रिमाण्ड अविध समाप्त होने के बाद कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। आरोपी जिस व्यक्ति से डोडाचूरा लाया था, उसे भी पुलिस ने आरोपी बनाया है, जो फरार है। जानकारी के अनुसार 1 मई को पिपलिया पुलिस पिपलिया-सनावदा मार्ग पर सूपड़ा फन्टे पर 30 किलो डोडाचूरा ले जाते बाइक (आरजे 35 एसके 7149) पर सवार रठाजना (प्रतापगढ) निवासी अरुण (35) पिता रामचन्द्र गायरी को गिरफ्तार किया था। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश करने पर एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश हुए थे। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उक्त डोडूचूरा कनोरा (रठाजना) निवासी कारुलाल पिता भंवरलाल गायरी से लाया था, बाद में वह कारुलाल के परिचित व्यक्ति को जयपुर रेलवे स्टेशन पर देने के लिए जा रहा था। कारुलाल को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है, जो फरार है। इधर रिमाण्ड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को आरोपी को पुन: एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया जिसे जेल भेजने के आदेश हुए।






## हर माता-पिता अपने बेटे को राम कृष्ण और श्रवण कुमार के रुप में देखते हैं-गुरूदेव अंबाजीधाम

**नगरी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान समय में हर भारतवासी को अपनी सनातन संस्कृति का संरक्षण करते हुए धर्म की रक्षा के लिए आगे आना चाहिएं आज के युवा युवतियों को तिलक लगाने, सतसंग में बैठने में झिझक महसूस होती है सनातन धर्म सृष्टि का आधार हैं मानव जीवन की सफलता का मार्ग हमारा सनातन धर्म है। उक्त विचार नगर के रोग्यादेवी मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिन उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुए गुरुदेव अंबाजी धाम निपानिया ने कहीं गुरुदेव ने आगे कहा कि जो बच्चों भौतिक सुख सुविधाओं के वशीभूत होकर अपने माता पिता का बटवारा करते हैं, वो जीवन में कभी भी सुख समृद्धि प्राप्त नहीं कर सकते हैं। हर माता पिता अपने बेटे को राम, कृष्ण और श्रवण कुमार के रूप में देखना पसंद करते हैं जिसे माता पिता का आशिर्वाद मिलता है तथा जिस बेटे बेटी को उसके माता-पिता अगले जन्म में भी पाने की इच्छा रखते हैं ऐसे बेटे को किसी तीर्थ यात्रा की जरूरत नहीं पड़ती है क्योंकि माता-पिता के आशीर्वाद में ही सारे तीर्थ का पुण्य छुपा हुआ रहता है। श्री अंबाजी धाम ने कहा कि श्रीमद देवी भागवत महापुराण के अनुसार माता सती हुई और जहाँ जहाँ माता के विभिन्न अंग गिरे वह शक्तिपीठ बने हुए हैं शास्त्रों के अनुसार माता सती के 51 शक्तिपीठ भारत सहित आसपास के देशों में विद्यमान हैं सात दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत कल सोमवार को श्रीशत चंडीय महायज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन होगा।

**आज लगेगा दिव्य दरबार, भक्तों की समस्याओं का होगा समाधान**–रोग्यादेवी मंदिर परिसर में आज रविवार रात्रि 8:00 बजे गुरुदेव अंबाजी धाम निपानिया द्वारा दिव्य दरबार लगाया जाएगा दिव्य दरबार में पर्चे बनाकर भक्तों की समस्याओं का समाधान गुरुदेव द्वारा किया जाएगा। दिव्य दरबार में नगरी सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। नगर में बस स्टैंड के पास नवनिर्मित श्री शिव शक्ति पशुपतिनाथ मंदिर में अष्टमुखी भगवान पशुपति नाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ संपन्न हुई साथ ही भगवान राम लक्ष्मण एवं माता जानकी सहित अन्य प्रतिमाओं की भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जलकलश यात्रा के साथ पंचकुंडीय महायज्ञ का भी आयोजन किया गया। रात्रि में परम पूज्य महंत स्वामी मणिमहेश चेतन्य महाराज द्वारा शिव महापुराण कथा का भी वाचन किया गया। शुक्रवार को शिव पार्वती विवाह का आयोजन भी हुआ बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।



## एक ने दुष्कर्म किया, फिर भी सभी को मिलेगी सजा- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 03 मई।** सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने गैंगरैप (धारा 376(2)(Ô) आईपीसी) के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि साझा इरादा सिद्ध हो जाए, तो केवल एक आरोपी द्वारा दुष्कर्म का कृत्य करने पर भी सभी शामिल व्यक्तियों को गैंगरैप के लिए दोषी ठहराया जा सकता है।

यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के 2004 के एक महिला किडनैपिंग एवं गैंगरैप मामले में की गई, जिसमें दो आरोपियों राजू व जलंधर कोल पर मुकदमा था। घटना 2004 जून में एक विवाह समारोह से लौट रही महिला का अपहरण कर, उसे विभिन्न स्थानों पर अवैध बंदी बनाकर गैंगरैप करने की थी। पीडिता ने बताया कि आरोपियों ने साझा मंशा से यह अपराध किया। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को गैंगरैप, अपहरण और अवैध बंदीकरण के आरोप में दोषी ठहराते हुए राजू को आजीवन कारावास, और जलंधर कोल को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को अपरिवर्तित रखा। इसके बाद राजू ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देते हुए कहा, आईपीसी की धारा 376(2)(Ô) में एक से अधिक ने साझा इरादे से अपराध में भाग लिया हो, तो यह साबित करने की आवश्यकता नहीं कि प्रत्येक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया; एक आरोपी द्वारा किया गया दुष्कर्म सभी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है। कोर्ट ने राजू की अपील खारिज कर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का निर्णय बरकरार रखा। इस फैसले से स्पष्ट हो गया है कि सामूहिक अपराध में व्यक्तिगत कृत्य से अधिक साझा इरादे का महत्व है, जिससे कानून अपराधियों के समूहीय गिरोह पर भी सख्ती से कार्रवाई कर सकेगा।

## श्रीराम चरित्र मानस वेदों का सार है-पं. शर्मा

**नीमच, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** संसार को मार्ग चार वेद देते हैं। चारों वेदों से ही सत्संग के धर्म ग्रंथ लिखे गए हैं। श्री राम चरित मानस चार वेदों का सार है।यह बात पंडित दशरथ शर्मा ने कही।वे बालाजी नवयुवक मंडल रामपुरा दरवाजा जावद के तत्वाधान में नो दिवसीय अमृत कलश स्थापना महोत्सव एवं श्री राम कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री राम जी संसार के लोगों को तारते हैं उस पार ले जाते हैं। केवट गंगा नदी पार करवरकर एक किनारे से दूसरे किनारे ले जाता है।केवट ने श्री राम से गंगा पार करने का किराया नहीं लिया था केवट ने श्री राम जी से कहा था कि श्री राम जी भवसागर के पार ले जाते हैं।केवट गंगा पार ले जाता है दोनों का कार्य एक हीं है। इसलिए किराया नहीं लूंगा। श्री राम कथा मर्यादा का पालन करने का संदेश देती है।कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार पर पुजा अर्चना से हुआ-दशरथ महाराज श्री ने गंगा तट पर केवट राम संवाद,मंथरा, कौशल्या, कैक्यी,राजा दशरथ, , राम , गुरु वशिष्ठ, चार वेद,निषाधराज, अयोध्या कांड, ,ऋषि मुनि,वैद पुराण, सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों के वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व पर प्रकाश डाला। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आरती व रामायण पौथी पुजन में साधु मार्गी जैन श्रावक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष



श्याम काबरा,भूतेश्वर महादेव के परम भक्त महेश त्रिपाठी, श्रीमद् भागवत आचार्य पंडित शैलेंद्र शर्मा बावल, बरखेड़ा कामलिया सरपंच उमाशंकर नागदा, कमलेश सारडा, विकास ओझा सहित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राम कथा मेंश्रद्धालु भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण करवाया गया। रामकथा में अठाना,बावल, तारापुर ,कनेरा, सुखानंद, मंदसौर आदि , ग्रामीण क्षेत्रों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। धर्म सभा का संचालन एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा ने किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।श्री राम कथा पंडित दशरथ शर्मा भाई जी के श्री मुख से प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रवाहित हो रही है।

**यज्ञ में आहुतियां दी गई**–यज्ञ आचार्य कैलाश नारायण शर्मा सीतामऊ वाले के सानिध्य में प्रायश्चित कर्म यज्ञ मंडप प्रवेश, स्थापित देवता पूजन,यज्ञ शुभारंभ सुबह 8से 12 बजे तक एवं शाम 4से 6 बजे तक प्रतिदिन पंच कुंडात्मक पंच दिवसीय यज्ञ में विद्वान पंडितों की उपस्थिति में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ 12दम्पत्ति जोड़ों के कर कमलों द्वारा हजारों आहुतियां दी जा रही है।

**श्री राम वनवास प्रसंग**– श्री राम कथा के मध्य महाराज दशरथ शर्मा भाई जी द्वारा जब श्री राम वनवास प्रसंग के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व पर प्रकाश डाला तभी भक्ति पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों द्वारा जय जय श्री राम की जय घोष लगाई गई। श्रद्धालु भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा से श्री राम वनवास के गीत गाकर अगवानी की गई।

## लहसून ढेर साफ करने वाली महिला मजदूरों व किसानों के बीच विवाद, डेढ़ घंटे बंद रही नीलामी

**पिपलियामंडी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को कृषि मंडी में लहसुन के ढेर साफ करने वाली महिला मजदूरों व किसानों के बीच विवाद हो गया। इसके चलते करीब डेढ घंटे कृषि उपज मंडी की नीलामी बंद रही। बाद में मंडी प्रशासन ने समझाइश देकर मंडी चालू कराई। जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में महिला मजदूर, किसानों के लहसुन के ढेर साफ कर उनसे अलग से मजदूरी लेती है। बाहर से लहसुन लेकर आए किसानों का आरोप था कि लहसुन उपर से साफ कर दी जाती है, बाकी भीतर कचरा रहता है, नीलामी के बाद किसानों व व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति बनती है। किसानों ने आरोप लगाया कि महिला मजदूरों ने विवाद के दौरान अशब्द भी कहे। इस बीच मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत सहित व्यापारीगण भी पहुंचे व मंडी प्रशासन से महिला मजदूरों का मंडी में प्रवेश बंद करने की मांग की। विवाद के चलते सुबह 9.30 बजे से नीलामी बंद हो गई। व्यापारियों व किसानों ने मंडी इंस्पेक्टर को ज्ञापन देकर महिला मजदूरों का मंडी में प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग की। मंडी प्रशासन ने किसानों व व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सोमवार तक समस्या का निराकरण कराएंगे। इसके बाद 11 बजे नीलामी शुरु हुई। मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत ने बताया मंडी में महिला मजदूरों व किसानों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। लहसुन का ढेर केवल उपर से साफ कर दिया जाता है, भीतर कचरा ही रहता है, नीलामी के बाद किसानों व व्यापारियों के बीच भी विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। पहले भी कलेक्टर व एसडीएम को मामले से अवगत कराकर महिला मजदूरों का प्रवेश बंद कराया था। लेकिन फिर लहसुन को साफ करने के लिए ये महिलाएं मंडी में आ रही है। कई बार लहसुन साफ करके लाए किसान के ढेर में भी ये महिलाएं कचरा उड़ा देती है, जिससे उनकी क्वालिटी खराब हो जाती है। किसानों का भी शोषण हो रहा है व व्यापारियों को भी नुकसान हो रहा है।



## ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं वाटर कूलर

**नीमच, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीणों एवं राहगीरों हेतु ठंडे पेयजल की उपलब्धता के लिए शासन निर्देशानुसार प्याऊलगाई जा रही हैं। नीमच जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व में स्थापित वाटर कूलर और आर ओ सिस्टम को ग्रीष्म ऋतु में ठंडे पेयजल की उपलब्धता हेतु पुन: ठीक करके चालू करवाया जा रहा है। इसकी शुरुआत ग्राम पंचायत खजूरी जनपद पंचायत मनासा द्वारा आर ओ वाटर कूलर ग्रामीणों के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रारंभ किया गया। जिले में 50 से अधिक स्थानों पर आर ओ सिस्टम दुरुस्त किया जा रहे हैं यह जानकारी जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी श्री सुशील दौराया ने दी है।

## श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव आज मनाया जाएगा

**मंदसौर, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव आज 4 मई, रविवार को भगवान चित्रगुप्त मंदिर पर मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे को भगवान चित्रगुप्त जी का अभिषेक एवं पूजन एवं श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 11 बजे आरती एवं प्रसाद विवरण किया जाएगा। भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव में सम्मिलित होने की अपील कायस्थ समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र माथुर, श्री राजनारायण भटनागर, श्री लालबहादुर श्रीवास्तव, श्री अमन भटनागर, श्री दीपेश श्रीवास्तव, श्रीमती रमा माथुर, श्री राजेश कुलश्रेष्ठ, श्री नितिन गौड ने की है।

## दीपक गुर्जर के नेतृत्व में हुआ मुख्यमंत्री का विरोध प्रदर्शन

**सीतामऊ, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** आज सीतामऊमें मुख्यमंत्री के आगमन पर कांग्रेस नेता दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मंदसौर जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर के विरोध प्रदर्शन किया।इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुरेश भाटी, रघुराज सिंह लोगनी, मुकेश कुमावत, अशफाक मंसूरी, राघवराज सिंह शक्तावत,श्याम चौधरी, तरुण बरौला, सम्यक चौधरी, धीरज धाकड़,जीवन गुर्जर, दिलीप गुर्जर, अंसारी, अभय बैरागी, सीताराम गुर्जर,अक्षय सेठिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा सभी को गिरफ्तार कर नाहरगढ़ थाने ले जाया गया।

**मुख्य रूप से मांगी गई मांगे**– मुख्य मांग यह है कि सरकार ने पराली जलाए जाने पर किसानों से जुर्माना वसूलना



शुरू कर दिया है लेकिन उस समस्या जाएगा का हल निकालने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया, विशेषकर मंदसौर संसदीय क्षेत्र में किसानों के पास औसत 5 से 6 बीघा ही जमीन है और पराली नष्टीकरण के लिए किसानों को कल्टीवेटर और पलाऊका उपयोग करना पड़ता है जिसका खर्चा 2500 रु/बीघा आता है, वर्तमान स्थितियों में यदि किसान को 6 बीघा जमीन से आय ही 40000-45000 हो रही है उसमें से भी यदि 12500 यदि वो पराली नष्टीकरण में खर्च कर देंगे तो परिवार का पालन कैसे करेंगे। इसके लिए सरकार को 2500रु/बीघा के मान से किसानों को पराली नष्टीकरण के लिए देना चाहिए। मंदसौर शहर में यशनगर, गांधी नगर, मेघदूत नगर के निवासरत 25000-30000 रहवासी पास में ही चल रही अमृत रिफाइनरी के धुएं से प्रताड़ित है लेकिन आज दिनांक तक उस फैक्ट्री पर भी कोई कार्यवाही नहीं ,जबकि कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी उसी धुएं की जद में है। वर्ष2018 में ही दलौदा में लोकार्पण हो चुके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आज दिनांक तक सतत रूप से शुरू नहीं किया गया जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को निजी हॉस्पिटलों की ओर भागना पड़ता है जिससे आमजन को आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। महू नीमच रोड फतेहगढ़ स्थित झअछ ढ्वढ सरिया फैक्ट्री के जहरीले धुएं से पूरे क्षेत्र के आमजन प्रताड़ित और दिनोदिन बीमार हो रहे है जबकि इस फैक्ट्री के पास शासकीय महाविद्यालय और स्कूल भी हैं जहां पूरी दलौदा तहसील के हजारों बच्चे पड़ते हैं। कई लोग टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो चुके है। इस फैक्ट्री को हटाया जाए। संपूर्ण जिले आधार कार्ड सेंटरों बंद पड़े शहर के चुनिंदा सेंटरों पर जिले भर की भरी भीड़ लगी हुई है जिससे आमजन भरी तकलीफ झेल रहे हैं और शासकीय योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा। मंदसौर में कई जगह शराब दुकानों को हटाए जाने को लेकर जनआंदोलन चल रहे हैं पर शराब माफियाओं के आगे शासन नतमस्तक है,पर कोई कार्यवाही नहीं की गई,इस पर भी संज्ञान लिया जाए।

## गुणवंत मेनारिया का सेना से सेवानिवृत्ति के बाद प्रथम बार नीमच आगमन पर किया सम्मान

**नीमच, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के छोटे से कस्बे ग्राम बिसलवास खुर्द निवासी उमाशंकर श्रीमती कमला नागदा (राजगुरु)के सुपुत्र गुणवंत नागदा,मेनारिया के भारतीय सेना में 105वायु रक्षा तोपखाना पर 22 वर्षों तक हवलदार के पद पर निरंतर 30 अप्रैल को बडौदा गुजरात में सेवा निवृत्ति के बाद 3मई बुधवार सुबह 7 बजे नीमच रेलवे स्टेशन पर प्रथम बार नीमच आगमन पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों, इष्टमित्रों, परिचितों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा सम्मान किया। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय प्रवेश द्वार के सामने नीमच सिटी रोड स्थित शहीद पार्क से 3 मई शनिवार को सुबह 7.30 बजे सम्मान जुलूस निकाला जो नगर व क्षैत्र के प्रमुख मार्गो से होता हुआ नीमच नगर के भगवानपुरा चोराहा,इंदिरानगर एवं शोरूम चौराह, फव्वारा चौक,40 विद्युत केंद्र , सीआरपीएफ चौराहा ,किलेश्वर मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप नीमच नगर के प्रमुख नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में समाज सेवी संगठनों के पदाधिकारीयों द्वारा पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया गया। जूलुस ग्राम बिसलवास खुर्द पहुंचा जहां ग्रामीण सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वारा उनका सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि गुणवंत मेनारिया 2003 से 2025तक देश के कश्मीर घाटी पाकिस्तान सीमा व महाराष्ट्र ,हरियाणा, राजस्थान ,गुजरात ,पंजाब जैसे अनेक राज्यों के 24 से अधिक सेना क्रेंदो पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

**श्रीमद् भागवत कथा का शंखनाद आज**–सेवानिवृत्ति कार्यक्रमों की पावन श्रृंखला में भागवत आचार्य नरेंद्र देव नागदा के श्री मुख से श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा आझ 4 मईसे 10मई तक प्रतिदिन सुबह 11 से 4 बजें तक प्रवाहित होगी। श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शुभारंभ आज 4 मई को सुबह 7 बजे मंगल कलश यात्रा से होगा। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षक दशरथ नागदा ने दी है।

## पांच दिनी शिवपुराण कथा 7 से

**पिपलियामंडी, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में पांच दिनी शिवपुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव 7 मई से शुरु होगा, समापन 11 मई को होगा। श्री सनातन धर्म सेवा समिति व महिला मंडल शाखा बालाजी के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित शिवपुराण कथा मयंक शर्मा (बदनावर) प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 10.30 बजे तक कथा सुनाएंगे।

# तकनीकी गलती की भेंट नहीं चढ़ सकता किसी छात्र का भविष्य

## गुजरात हाई कोर्ट ने अंतिम क्षणों में दिलाया परीक्षा का प्रवेश पत्र, परीक्षा में शामिल हुई छात्रा

**रतलाम/अहमदाबाद, 03 मई गुरु एक्सप्रेस।** क्या किसी छात्रा का भविष्य सिर्फ एक तकनीकी गलती की भेंट चढ जाना चाहिए? क्या सिर्फ एक प्रमाणपत्र के फॉर्मेट ने पूरे साल की मेहनत, मेरिट और सामाजिक सच्चाई को ख़ारिज कर दिया?

गुजरात हाईकोर्ट ने आज इस सवाल का जवाब नहीं में दिया और ऐसा करते हुए एक सशक्त, संवेदनशील और संविधानसम्मत उदाहरण पेश किया। मध्य प्रदेश के रतलाम शहर की 17 वर्षीय छात्रा आरोही परमार, जिसने NID की प्रवेश परीक्षा (DAT Prelims) में 44 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया, मात्र इस कारण मेन्स परीक्षा से वंचित कर दी गई कि उसने जइउ प्रमाणपत्र राज्य सरकार के फॉर्मेट में प्रस्तुत किया जबकि संस्थान को केंद्र सरकार के फॉर्मेट की अपेक्षा थी। न तो जातीय स्थिति पर विवाद था, न मेरिट पर। विवाद सिर्फ फॉर्मेट का था और उसकी कीमत थी, मेन्स परीक्षा से बाहर कर दिया जाना। लेकिन इस बार संविधान की आत्मा, और वकालत की दृढ़ता ने मिलकर इस अन्याय को रोका।

**जब विधिक रणनीति और मानवीय विवेक ने रास्ता बनाया–** गुजरात हाईकोर्ट में पारित वह अंतरिम आदेश केवल एक कानूनी कार्यवाही का परिणाम नहीं था, बल्कि समय की सीमा, संस्थागत प्रक्रिया और संवैधानिक विवेक का संतुलित समायोजन भी था। एडवोकेट सलोनी कटारिया ने खुली किताब से इस मामले की पृष्ठभूमि साझा करते हुए बताया कि यह मामला सामान्य वाद या स्थगन याचिका जैसा नहीं था, बल्कि यह एक ऐसा हस्तक्षेप था, जो समय से पहले न्याय सुनिश्चित करने की अपेक्षा करता था। एडवोकेट कटारिया ने बताया कि याचिका दाखिल होते समय परीक्षा की तारीख बेहद करीब थी, और नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया में लिस्टिंग (सुनवाई) की कोई निश्चितता नहीं थी। ऐसे में उन्होंने कानूनी मार्ग के समानांतर, संस्थागत संरचना को समझते हुए मेंशनिंग की। पहले न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी. माई की कोर्ट में, और बाद में उचित रोस्टर (निर्धारित पीठ) के तहत न्यायमूर्ति निर्झर एस देसाई के समक्ष। इस निर्णय ने प्रक्रिया को सुगम ही नहीं, सार्थक भी बनाया। उन्होंने आगे बताया कि अदालत के समक्ष प्रस्तुत युक्तियाँ मात्र एक प्रमाणपत्र की तकनीकी त्रुटि नहीं थीं-वे समान अवसर, मेरिट और नागरिक अधिकार की बुनियादी बातों को छू रही थीं। छात्रा की योग्यता असंदिग्ध थी, और गलती प्रपत्र के स्वरूप तक सीमित थी। अदालत को यह स्पष्ट रूप से बताया गया कि यह गलती जानबूझकर नहीं हुई और सुधार भी कर लिया गया है। जस्टिस देसाई ने इस स्थिति की कानूनी, नैतिक और प्रशासनिक तहों को संतुलित रूप से परखा, और यह इंगित किया कि ऐसे मामलों में न्याय का उद्देश्य मात्र प्रक्रिया का पालन नहीं, बल्कि अवसर की रक्षा भी है। एडवोकेट कटारिया ने बताया कि आदेश मिलने के बाद उसका क्रियान्वयन, स्वयं में एक दौड़ थी। आदेश की प्रति इसी दिन (2 मई 2025) करीब शाम 5 बजे उपलब्ध हुई, और महज़ एक घंटे में उसे संबंधित परीक्षा प्राधिकरण तक पहुंचाया गया। देर रात लगभग 10 बजे छात्रा को एडमिट कार्ड प्राप्त हुआ और आज, 3 मई की सुबह, वह नियत समय पर परीक्षा में शामिल हुई। एडवोकेट कटारिया ने बताया कि यह निर्णय अब सिर्फ एक अंतरिम आदेश नहीं, एक पूर्ण क्रियान्वित न्यायिक उदाहरण बन गया है।

कानून सिर्फ धाराओं का अनुक्रम नहीं है। वह अवसर की रक्षा का माध्यम है। अगर एक योग्य छात्रा को सिर्फ एक तकनीकी फॉर्मेट की वजह से परीक्षा से वंचित किया जाए, तो यह संविधान के मूल उद्देश्य के साथ अन्याय होगा।

**–सलोनी कटारिया**
**याचिकाकर्ता की एडवोकेट**

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक/ मंदसौर दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी श्री मुबारिक मंसूरी पिता अब्दुल निवासी ग्राम रनायरा, जिला मंदसौर की मृत्यु दिनांक 18.12.2023 को हो चुकी है। इनके बोलेरा पिकअप जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 14 जेडडी 9434 को इनकी पत्नी भूरी बी ने अपने नाम पर अंतर्गण दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये है।

इस प्रकाशन अवधि के सात दिवस में यदि किसी को आपत्ति हो तो इसे कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात उक्त पिकअप को श्रीमती भूरी बी पति स्व. मुबारिक मंसूरी के नाम अंतरण कर दिया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

**राजकुमार गुप्ता, एड्व्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 166/2025 दिनांक 03.05.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भारतसिंह गुर्जर पिता कचरु गुर्जर निवासी-ग्राम गुदियाना, तहसील व जिला मंदसौर से सर्वे नं. 103 (बी) भूखंड क्रमांक 102 (पी) पटवारी हल्का नं. 00122 पर दर्ज होकर पता-ग्राम गुदियाना, तहसील व जिला मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 15 आईजीआर 17852025ए10024971 3, दिनांक 25.04.2025 से मेरे पक्षकार शानाबाई गुर्जर पति भारतसिंह गुर्जर निवासी-ग्राम गुदियाना, तहसील व जिला मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-राधेश्याम का मकान, पश्चिम में-करणसिंह का मकान, उत्तर में-जगदीश का मकान, दक्षिण में-रास्ता, पैमाईश रकबा-2507.08 वर्गफीट या 233 वर्गमीटर,

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in